# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## जुलाई भाग-1 2021



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. ग्रीन हाइड्रोजन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. ग्रीन हाइड्रोजन तापीय विद्युत संयंत्रों का उपयोग करके पानी के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा निर्मित होता है।
   2. विद्युत द्वारा जल को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. अनौपचारिक क्षेत्र के घटकों को सकल घरेलू उत्पाद की गणना में शामिल नहीं किया जाता है।
   2. पीएम स्वनिधि अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक माइक्रो क्रेडिट योजना है।
   3. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारत के अनौपचारिक श्रमिक वर्ग का समर्थन करने के लिये 500 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण कार्यक्रम को मंज़ूरी दी है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

3. कालबेलिया नृत्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह राजस्थानी जनजातियों में से एक के साथ संबंधित है।
   2. इसे वर्ष 2010 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की सूची में शामिल किया गया था।
   3. यह नृत्य केवल महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

4. भारतनेट प्रोजेक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग कर विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है।
   2. इसका कार्यान्वित इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. 'G-20' के संदर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. G-20, 20 देशों का एक अनौपचारिक समूह है, जिसमें यूरोपीय संघ को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल किया गया है।
2. इसका कोई स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक द्विवार्षिक आयोजन है, जिसकी परिकल्पना भारतीय नौसेना द्वारा वर्ष 2008 में की गई थी।
2. भारत ने अधिकतम अवधि तक IONS की अध्यक्षता की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'कुवेम्पु पुरस्कार' प्रतिवर्ष भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भाषा के साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले लेखक को दिया जाता है।
2. इस पुरस्कार का नाम 20वीं सदी के महान कन्नड़ कवि 'कुवेम्पु' के नाम पर रखा गया है।
3. 'कुवेम्पु' को रामायण का स्वयं के संस्करण लिखने के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

8. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे आईएचएस मार्किट (IHS Markit) द्वारा संकलित किया गया है।
2. यह नीति निर्माताओं को वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
3. इसकी गणना विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिये अलग से की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

9. 'हीट डोम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तर-पश्चिम प्रशांत और कनाडा के कुछ हिस्सों में तेज़ ग्रीष्म लहर की घटना है।
2. यह घटना तब शुरू होती है जब समुद्र के तापमान में तेज़ी से परिवर्तन होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. 'गुरुत्वीय तरंगों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये न्यूट्रॉन तारे और ब्लैक होल (NS-BH) के विलय से अंतरिक्ष में बनी अदृश्य तरंगें हैं।
2. इन तरंगों के बारे में अल्बर्ट आइंस्टीन ने सिद्धांत 'जनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी' में प्रस्तावित किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ODF+ स्टेट्स इंगित करता है कि किसी प्रकार के अनुपचारित कीचड़/सेप्टेज और नालियों की निकासी जल निकायों या खुले क्षेत्रों के नालों में नहीं होती है।
2. ODF+ इंगित करता है कि सभी सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालय कार्यात्मक अवस्था में एवं सुव्यवस्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि के अंतर्गत नहीं किया गया हो।
2. पूंजी पर्याप्तता अनुपात एक बैंक की पूंजी का उसकी जोखिम भारित संपत्ति और वर्तमान देनदारियों के संबंध में अनुपात है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. GST परिषद संविधान के अनुच्छेद 279A के अंतर्गत निर्मित एक संवैधानिक संस्था है।
2. GST परिषद भारत के प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में एक संघीय निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. 'अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम' (1956) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम केंद्र सरकार को नदी जल विवाद के निपटन के लिये एक तदर्थ न्यायाधिकरण स्थापित करने का अधिकार देता है।
2. न्यायाधिकरण का निर्णय विवाद के पक्षकारों पर बाध्यकारी नहीं होता है।
3. ऐसे जल विवादों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

15. शोषण के विरुद्ध अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान का अनुच्छेद 23 बिना किसी अपवाद के मानव तस्करी, बेगार (जबरन श्रम) और इसी तरह के अन्य समान प्रकार के जबरन श्रम को प्रतिबंधित करता है।
2. अनुच्छेद 24 के तहत मौलिक अधिकार केवल नागरिकों के लिये उपलब्ध है, विदेशियों के लिये नहीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल्बेडो प्रभाव आर्कटिक क्षेत्र में देखी जाने वाली एक घटना है जिसमें बर्फ अंतरिक्ष में ऊष्मा को वापस परावर्तित करती है।
2. इनुइत आर्कटिक क्षेत्र की स्वदेशी आबादी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'हरित धारा' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह 'एकल कृषि' पद्धति के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये शुरू किया गया एक कार्यक्रम है।
B. यह मवेशियों द्वारा मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिये विकसित एक फीड सप्लीमेंट है।
C. यह मवेशियों के अधिक चरने से प्रभावित भूमि के कायाकल्प हेतु एक पहल है।
D. इसका उद्देश्य गोजातीय आबादी की स्वदेशी नस्लों का विकास और संरक्षण करना है।

नोट :

18. राज्यों के पुनर्गठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य पुनर्गठन आयोग,1953 द्वारा हरियाणा को पंजाब से अलग किया गया था।
2. संसद में राज्य पुनर्गठन हेतु किसी भी विधेयक को पेश करने से पहले राष्ट्रपति की अनुमति की आवश्यकता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्लू हार्ट अभियान भारत का तस्करी-रोधी कार्यक्रम है।
2. मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा दासता को प्रतिबंधित करने के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी घोषणा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. प्रोजेक्ट बोल्ड (BOLD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. यह परियोजना शुष्क व अर्द्ध-शुष्क भूमि क्षेत्रों में बाँस आधारित हरित पट्टी बनाने का प्रयास करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चाइल्ड सोल्जर में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति शामिल होते हैं जिन्हें सशस्त्र बल या सशस्त्र समूह में भर्ती किया जाता है या फिर उनकी क्षमता का भर्ती में उपयोग किया जाता है।
2. जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की भर्ती या उपयोग निषिद्ध है।
3. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के रोम कानून के तहत बाल सैनिकों की भर्ती को भी युद्ध अपराध माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

22. स्वामी विवेकानंद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने उन्हें 'आधुनिक भारत का निर्माता' कहा था।
2. उन्होंने विश्व को सांख्य और न्याय के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
3. प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण (BEPS) ढाँचा G20 देशों की एक पहल है।
2. आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण को रोकने के लिये भारत को बहुपक्षीय लिखत (MLI) में शामिल होना बाकी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. 'सर चेट्टूर शंकरन नायर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह जलियावाला बाग हत्याकांड के दौरान हुए अत्याचारों की जाँच के लिये स्थापित हंटर कमेटी के सदस्यों में से एक थे।
2. उन्होंने मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों में प्रावधानों के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. औरोरा आकाश में एक प्रकाशदीप्ति है जिसे केवल पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में देखा जाता है।
2. औरोरा तब उत्पन्न होता है जब सूर्य की सतह से निकले आवेशित कण पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

26. 'ग्लोलिटर पार्टनरशिप प्रोजेक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन' (IMO) द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन' (FAO) के सहयोग से लॉन्च किया गया है।
2. इसका उद्देश्य शिपिंग और मत्स्य पालन उद्योग से होने वाले समुद्री प्लास्टिक कचरे को कम करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 के तहत गरीबों तथा समाज के कमज़ोर वर्गों के लिये निशुल्क कानून सहायता की व्यवस्था की गई है।
2. टेली-लॉ कार्यक्रम के अंतर्गत वे सभी जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत मुफ्त कानूनी सहायता के लिये पात्र हैं, मुफ्त कानूनी सलाह ले सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्राँस और सोवियत संघ मित्र राष्ट्रों की शक्तियों का हिस्सा थे।
2. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सेना सबसे बड़ी स्वयंसेवी शक्ति थी जिसने धुरी शक्तियों के हिस्से के रूप में मित्र देशों की शक्तियों से लड़ाई लड़ी थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नील नदी भूमध्य रेखा के उत्तर में बुरुंडी में निकलती है।
2. नील नदी एक चापाकार डेल्टा का निर्माण करती है।
3. ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम (GERD) ब्लू नील नदी पर बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

नोट :

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्लैक पैंथर्स भारत में नहीं पाए जाते हैं।
2. ब्लैक पैंथर्स को IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय जीव के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | मार्शल आर्ट | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | सिलंबम | तेलंगाना |
| 2. | कलारीपयट्टू | केरल |
| 3. | मर्दानी खेल | उत्तर प्रदेश |
| 4. | थांग ता | सिक्किम |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित नहीं हैं?

A. केवल 1, 3 और 4

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1 और 2

D. केवल 2 और 4

32. समेकित बाल विकास योजना (ICDS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना का उद्देश्य केवल 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना है।
2. यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. हाल ही में खबरों में रहा 'अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर' कार्यक्रम निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. क्रिप्टोकरेंसी

B. आधार क्षरण एवं लाभ हस्तांतरण

C. आपूर्ति शृंखला और वैश्विक व्यापार

D. मनी लॉन्ड्रिंग

**नोट :**

34. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| GI उत्पाद | क्षेत्र/राज्य |
|---|---|
| 1. भालिया गेहूँ | उत्तर प्रदेश |
| 2. सोहराई खोवर पेंटिंग | झारखंड |
| 3. शाही लीची | पंजाब |
| 4. डिंडीगुल लॉक | तमिलनाडु |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1, 2 और 4

C. केवल 2 और 4

D. केवल 1 और 2

35. भारत में जलीय कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मत्स्य सेतु जलीय कृषि उत्पादों के लिये एक प्रमाणन योजना है।

2. मछली, शंख और जलीय पौधों के प्रजनन, उत्पादन और हार्वेस्टिंग को एक्वाकल्चर कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. 'इस्लामिक सहयोग संगठन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।

2. भारत इसका स्थायी सदस्य नहीं है, किंतु भारत को इसमें पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ज़िका वायरस एक मच्छर जनित फ्लेविवायरस है जिसे सबसे पहले बंदरों में पहचाना गया था।

2. गर्भावस्था के दौरान ज़िका वायरस के संक्रमण से शिशुओं का जन्म माइक्रोसेफली के साथ हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) को भारी उद्योग मंत्रालय के दायरे से हटाकर वित्त मंत्रालय के दायरे में ला दिया गया है।
2. सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) वित्त मंत्रालय के छह विभागों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :

| | **कन्वेंशन** | | **उद्देश्य** |
|---|---|---|---|
| 1. | मिनामाता कन्वेंशन | : | रासायनिक हथियारों के प्रयोग पर प्रतिबंध |
| 2. | बेसल कन्वेंशन | : | खतरनाक अपशिष्टों की सीमापारीय गतिविधियों का नियंत्रण |
| 3. | रॉटरडैम कन्वेंशन | : | पारा के उपयोग को प्रतिबंधित करना |
| 4. | स्टॉकहोम कन्वेंशन | : | स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों को नियंत्रित करना |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

40. स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा लागू किया गया है।
2. यह पेंशनभोगी पोर्टल है है जिसके माध्यम से पेंशनभोगी अपनी पेंशन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं और अपनी शिकायत (यदि हो) तो दर्ज करा सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओरल कैंसर भारतीय पुरुषों में कैंसर का सबसे प्रचलित रूप है।
2. dbGENVOC ओरल कैंसर हेतु भारत द्वारा निर्मित जीनोमिक बदलाव पर विश्व का पहला डेटाबेस है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. याक तिब्बती पठार के लिये स्थानिक हैं।
2. सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश याक-पालन करने वाले केवल दो भारतीय राज्य हैं।
3. जंगली याक IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

43. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वन अधिकारों का दावा उन सदस्यों द्वारा किया जा सकता है जो नियत तिथि से पहले कम-से-कम दो पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं।
2. ग्राम सभा को वन अधिकारों की प्रकृति और सीमा के निर्धारण के लिये प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. भारत और नेपाल निम्नलिखित में से किस बहुपक्षीय मंच को साझा करते हैं?

1. BBIN
2. BIMSTEC
3. SAARC
4. BRI

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

45. कृषि अवसंरचना कोष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य फसल उपरांत बुनियादी ढाँचा प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के लिये व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश को बढ़ावा देना है।
2. इस योजना के तहत कोष केवल राज्य एजेंसियों और कृषि उत्पाद विपणन समितियों (APMC) को दिया जाता है।
3. माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (CGTMSE) योजना के लिये क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के तहत एक क्रेडिट गारंटी कवरेज उपलब्ध होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

नोट :

46. जगन्नाथ मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका निर्माण चालुक्य वंश के राजा अनातवर्मन चोदगंगा देव ने करवाया था।
2. इसे यमनिका तीर्थ भी कहते हैं।
3. यह चार धाम तीर्थयात्राओं का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

47. एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (AES) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस के कारण होता है।
2. तेज़ बुखार और मस्तिष्क की सूजन इसकी विशेषता है।
3. इसे टीकाकरण से रोका जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व जनसंख्या दिवस संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) की सिफारिश पर मनाया जाता है।
2. UNFPA का गठन वर्ष 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सहायक अंग के रूप में किया गया था।
3. UNFPA को प्रत्यक्ष रूप से UN बजट का समर्थन प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नगालैंड राज्य का गठन असम और अरुणाचल प्रदेश राज्यों के हिस्सों को मिलाकर किया गया था।
2. नगा पहाड़ी नृजातीय समुदाय हैं जो मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश राज्यों में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

50. साही (SAHI) पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक आयुष क्षेत्र का पोर्टल है जो शिलालेखों, शास्त्रीय ग्रंथों और उन्नत आर्कियो आनुवंशिक अध्ययनों को प्रदर्शित करता है।
2. यह पोर्टल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) ई-ग्रंथालय मंच के माध्यम से भारतीय चिकित्सा विरासत पुस्तकों तक ऑनलाइन सार्वजनिक पहुँच प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. क्रिप्टोगेम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक पौधा है जो बीजाणुओं की मदद से प्रजनन करता है।
2. इन्हें "फूल रहित" या "बीज रहित पौधे" भी कहा जाता है।
3. शैवाल और कवक को क्रिप्टोगेम के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

52. इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (IPOI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नवंबर 2019 में आयोजित ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा यह पहल शुरू की गई थी।
2. यह पहल समुद्री सुरक्षा, आपदा जोखिम में कमी और व्यापार संपर्क जैसे मुद्दों पर केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

53. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची के विषय है/हैं?

1. बैंकिंग
2. लोक व्यवस्था
3. पुलिस
4. लोक स्वास्थ्य

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1, 2 और 3
D. केवल 2, 3 और 4

नोट :

54. 'सरकारी प्रतिभूतियों' (G-Sec) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल्पावधिक सरकारी 'सरकारी प्रतिभूतियों' दिनांकित प्रतिभूतियाँ कहा जाता है. जबकि अल्पावधिक 'सरकारी प्रतिभूतियों' को ट्रेज़री बिल कहा जाता है।
2. भारत में केवल केंद्र सरकार ही ट्रेज़री बिल और दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों जारी करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) का गठन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत किया गया था।
2. प्रोजेक्ट टाइगर NTCA द्वारा प्रशासित एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कारमन रेखा वह बिंदु है जहाँ से अंतरिक्ष की सीमा शुरू होती है।
2. उपकक्षीय प्रक्षेपवक्र अंतरिक्ष उड़ान को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बचने की अनुमति देता है।
3. VSS यूनिटी स्पेसशिप को नासा द्वारा वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ानों को संचालित करने के लिये लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार की कार्य आवंटन नियमावली, 1961 संविधान के अनुच्छेद 77(3) से प्रेरित है।
2. संसद, भारत सरकार के कार्यों को अधिक सुविधाजनक और उक्त कार्यों को मंत्रियों के बीच आवंटित करने के लिये नियम बनाती है।
1. कैबिनेट के अत्यधिक कार्यभार को कम करने के लिये प्रधानमंत्री द्वारा कैबिनेट समितियों का गठन किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उर्वरक विभाग ने सभी घरेलू उत्पादकों के लिये नीम लेपित यूरिया (NCU) के रूप में 100% यूरिया का उत्पादन करना अनिवार्य किया है।
2. सभी गैर-यूरिया आधारित उर्वरकों को पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत विनियमित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. जैविक विविधता अभिसमय (CBD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जैव विविधता के संरक्षण हेतु कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है।
2. CBD का सचिवालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।
3. आइची लक्ष्य जैव विविधता के संरक्षण हेतु CBD के तहत प्रस्तावित लक्ष्यों का एक समूह है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

60. हीलियम की अति तरलता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये:

1. अतिचालकता कमरे के तापमान पर तरल हीलियम में अवलोकन किये गए इलेक्ट्रॉनों का घर्षण रहित प्रवाह है।
2. एक सिंगल इलेक्ट्रॉन बबल्स (SEB) का निर्माण तब होता है जब इलेक्ट्रॉन को हीलियम के अति तरल (Superfluid) रूप में प्रेषित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

---

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ग्रीन हाइड्रोजन अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर, पवन) का उपयोग करके जल के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा निर्मित होता है और इसमें कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसके तहत विद्युत द्वारा जल ($H_2O$) को हाइड्रोजन ($H_2$) और ऑक्सीजन ($O_2$) में विभाजित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- हाइड्रोजन के अन्य प्रकार:
  - ब्राउन हाइड्रोजन का उत्पादन कोयले का उपयोग करके किया जाता है जहाँ उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है।

नोट :

- ग्रे हाइड्रोजन (Grey Hydrogen) प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होता है जहाँ संबंधित उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है।
- ब्लू हाइड्रोजन (Blue Hydrogen) प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होती है जहाँ कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है।

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अनौपचारिक क्षेत्र किसी भी अर्थव्यवस्था का वह हिस्सा है जिस पर न तो सरकार द्वारा किसी प्रकार का कर लगाया जाता है और न ही उसकी निगरानी की जाती है।
  - यह काफी हद तक औपचारिक शिक्षा, आसान प्रवेश, स्थिर नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों की कमी और संचालन के एक छोटे पैमाने के बाहर प्राप्त कौशल की विशेषता है।
  - औपचारिक अर्थव्यवस्था के विपरीत अनौपचारिक क्षेत्र के घटकों को सकल घरेलू उत्पाद की गणना में शामिल नहीं किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत के अनुमानित 450 मिलियन अनौपचारिक श्रमिकों में इसके कुल कार्यबल का 90% शामिल है, जिसमें 5-10 मिलियन कर्मचारी वार्षिक रूप से जोड़े जाते हैं।
- सरकार द्वारा शुरू की गई कुछ पहलें
  - प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (PM-SYM)
  - श्रम सुधार
  - प्रधानमंत्री रोज़गार प्रोत्साहन योजना (PMRPY)
  - पीएम स्वनिधि: स्ट्रीट वेंडर्स के लिये माइक्रो क्रेडिट स्कीम अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में विश्व बैंक (World Bank) ने वर्तमान महामारी संकट से उबरने के लिये भारत के अनौपचारिक श्रमिक वर्ग का समर्थन करने हेतु 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण कार्यक्रम को मंज़ूरी दी है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - यह ऋण राज्यों को वर्तमान महामारी, भविष्य की जलवायु और आपदा के झटकों से निपटने हेतु अधिक नम्यता प्रदान करेगा।

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- कालबेलिया नृत्य कालबेलिया समुदाय के पारंपरिक जीवनशैली की एक अभिव्यक्ति है।
  - यह इसी नाम की एक राजस्थानी जनजाति से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठनों (UNESCO) की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की सूची में शामिल किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- इस नृत्य रूप में घूमना और रमणीय संचरण शामिल है जो इस नृत्य को देखने लायक बनाता है।
  - कालबेलिया से जुड़े मूवमेंट भी इसे भारत में लोक नृत्य के सबसे भावमय रूपों में से एक बनाते हैं।
- यह प्राय: किसी भी खुशी के उत्सव पर किया जाता है और इसे कालबेलिया संस्कृति का एक अभिन्न अंग माना जाता है।
  - कालबेलिया नृत्य का एक और अनूठा पहलू यह है कि इसे केवल महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जबकि पुरुष वाद्य यंत्र बजाते हैं और संगीत प्रदान करते हैं। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग कर विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख मिशन भी। अत: कथन 1 सही है।
- BBNL, भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत 1000 करोड़ रुपए की अधिकृत पूंजी के साथ स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है।
- इसे संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अक्तूबर 2011 में नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (National Optical Fibre Network- NOFN) को लॉन्च किया गया था, वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर भारत नेट प्रोजेक्ट (Bharat Net Project) कर दिया गया।
  - NOFN को ग्राम पंचायतों (Gram Panchayats) तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुँचाने हेतु एक मज़बूत बुनियादी ढाँचे के निर्माण के माध्यम से एक सूचना सुपरहाइवे के रूप में परिकल्पित किया गया था।

5.

उत्तर: B

व्याख्या:

- G-20 समूह विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का प्रतिनिधि, यूरोपियन संघ एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - G-20 के सदस्य देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- G-20 समूह विश्व की प्रमुख उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों को एक साथ लाता है। यह वैश्विक व्यापार का 75%, वैश्विक निवेश का 85%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85% तथा विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है
- इसका कोई स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं है। अत: कथन 2 सही है।

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) एक स्वैच्छिक और समावेशी पहल है, जो समुद्री सहयोग को बढ़ाने व क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय राज्यों की नौसेनाओं को एक साथ लाता है।
  - यह एक द्विवार्षिक आयोजन है, जिसकी कल्पना भारतीय नौसेना ने वर्ष 2008 में की थी।अत: कथन 1 सही है।
  - हाल ही में 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) के 7वें संस्करण की मेज़बानी फ्राँसीसी नौसेना द्वारा रीयूनियन द्वीप पर की गई थी।
- IONS में 24 सदस्य राष्ट्र शामिल हैं जो हिंद महासागर क्षेत्र (Indian Ocean Region- IOR) क्षेत्र की सीमा पर मौजूद हैं तथा 8 पर्यवेक्षक देश शामिल हैं।
- यह प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध एक प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) सुनिश्चित करने का भी कार्य करता है।
- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) की अध्यक्षता भारत (2008-10), संयुक्त अरब अमीरात (2010-12), दक्षिण अफ्रीका (2012-14), ऑस्ट्रेलिया (2014-16), बांग्लादेश (2016-18) और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान (2018-21) द्वारा की गई है। कथन 2 सही नहीं है।
  - फ्राँस ने जून 2021 में दो वर्षीय कार्यकाल के लिये अध्यक्षता ग्रहण की है।

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 'कुवेम्पु पुरस्कार' 20वीं सदी के दिवंगत कन्नड़ कवि 'कुवेम्पु' की स्मृति में स्थापित एक राष्ट्रीय पुरस्कार है।
  - यह पुरस्कार प्रतिवर्ष भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भाषा के साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले लेखक को दिया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- कुप्पली वेंकटप्पा पुट्टप्पा, जिन्हें उनके उपनाम 'कुवेम्पु' के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय कवि, नाटककार, उपन्यासकार और आलोचक थे।
  - उन्हें मुख्य तौर पर 20वीं सदी के सबसे महान कन्नड़ कवियों में से एक माना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- वह कन्नड़ भाषा के पहले लेखक थे जिन्हें रामायण के उनके स्वयं के संस्करण 'श्री रामायण दर्शनम' के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

8.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) आईएचएस मार्किट द्वारा विश्व भर की 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं के लिये संकलित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - आईएचएस मार्किट विश्व भर में अर्थव्यवस्थाओं को चलाने वाले प्रमुख उद्योगों और बाज़ारों के लिये सूचना, विश्लेषण और समाधान में एक वैश्विक मंच है।
- PMI एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है जो उत्तरदाताओं को पिछले माह की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक चर के संदर्भ में उनकी धारणा में बदलाव के बारे में बताती है।
- PMI का उद्देश्य कंपनी के नीति निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों हेतु इसकी गणना अलग से की जाती है तथा फिर एक समग्र सूचकांक भी बनाया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में प्रशांत नॉर्थवेस्ट और कनाडा के कुछ हिस्सों में तापमान 47 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया, जिससे "ऐतिहासिक" ग्रीष्म लहर पैदा हुई।
  - यह घटना "हीट डोम" (Heat Dome) का परिणाम है। अत: कथन 1 सही है
- यह घटना तब शुरू होती है जब समुद्र के तापमान में प्रबल परिवर्तन (चढ़ाव या उतार) होता है। संवहन के कारण समुद्र के सतह की गर्म हवा ऊपर उठती है। अत: कथन 2 सही है।
- जैसे-जैसे प्रचलित हवाएँ गर्म हवा को पूर्व की ओर ले जाती हैं, वैसे-वैसे जेट स्ट्रीम की उत्तरी शिफ्ट हवा को भूमि की ओर मोड़ देती है, जहाँ यह समाप्त हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप गर्म लहरों का जन्म होता है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गुरुत्वाकर्षण तरंगे अंतरिक्ष में अदृश्य तरंगें हैं जो तब बनती हैं जब:
  - सुपरनोवा में एक तारा फट जाता है।

नोट :

- दो बड़े तारे एक-दूसरे की परिक्रमा करते हैं।
- दो ब्लैक होल विलीन हो जाते हैं।
- न्यूट्रॉन स्टार-ब्लैकहोल (NS-BH) विलीन हो जाता है। अत: कथन 1 सही है।

- वे प्रकाश की गति (1,86,000 मील प्रति सेकंड) से यात्रा करते हैं और अपने रास्ते में आने वाले किसी भी पदार्थ को संपीडित कर सकते हैं।
- जैसे गुरुत्वाकर्षण तरंग अंतरिक्ष-समय के माध्यम से यात्रा करती है, यह इसे एक दिशा में फैलाने और दूसरी दिशा में संपीडित करने का कारण बनती है।
- अंतरिक्ष-समय के उस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने वाली कोई भी वस्तु विस्तृत और संकुचित होती है क्योंकि लहर उनके ऊपर से गुज़रती है, हालाँकि बहुत कम, जिसे केवल लीगो जैसे विशेष उपकरणों द्वारा ही पता लगाया जा सकता है।
- एक सदी से भी पहले अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने 'जनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी' में इनका प्रस्ताव किया था। अत: कथन 2 सही है।
- हालाँकि पहली गुरुत्वाकर्षण तरंग का पता LIGO ने वर्ष 2015 में लगाया था।

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ODF+: एक शहर को ODF+ घोषित किया जा सकता है, यदि किसी दिन किसी भी व्यक्ति को खुले में शौच और/या पेशाब करते हुए नहीं पाया जाता है और सभी सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालय कार्यात्मक अवस्था में एवं सुव्यवस्थित हैं। ODF+ स्थिति अनिवार्य रूप से जल निकायों या क्षेत्रों में सीवेज के डंपिंग से संबंधित नहीं है। अत: कथन 2 सही है।
- ODF++: एक शहर को ODF++ घोषित किया जा सकता है, यदि वह पहले से ही ODF+ स्थिति में है और वहाँ मल कीचड़/सेप्टेज (Faecal sludge/Septage) और नालियों का सुरक्षित रूप से प्रबंधन तथा उपचार किया जाता है एवं किसी प्रकार के अनुपचारित कीचड़/सेप्टेज (Sludge/Septage) और नालियों की निकासी जल निकायों या खुले क्षेत्रों के नालों में नहीं होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ODF: किसी क्षेत्र को ODF के रूप में अधिसूचित या घोषित किया जा सकता है यदि दिन के किसी भी समय, एक भी व्यक्ति खुले में शौच नहीं करता है।

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

- NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है जो डिफॉल्ट हैं या मूलधन या ब्याज के भुगतान बकाया है।
  - ज़्यादातर मामलों में ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि में नहीं किया गया हो। अत: कथन 1 सही है।
  - सकल गैर-निष्पादित संपत्ति उन सभी ऋणों का योग है जो वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा नहीं चुकाए गए हैं।
  - निवल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ वह राशि है जो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों से कटौती के बाद प्राप्त होती है।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात जोखिम भारित आस्तियों और चालू देनदारियों के संबंध में बैंक की पूंजी का अनुपात है। इसे कैपिटल-टू-रिस्क वेटेड एसेट रेशियो (CRAR) के रूप में भी जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - वाणिज्यिक बैंकों को अतिरिक्त लीवरेज लेने और प्रक्रिया में दिवालिया होने से रोकने के लिये केंद्रीय बैंकों द्वारा इसके संबंध में निर्णय लिया जाता है।
- प्रोविज़निंग कवरेज अनुपात खराब ऋणों के कारण संभावित नुकसान को कवर करने के लिये बैंकों द्वारा अलग रखी जाने वाली निधियों के निर्धारित प्रतिशत को संदर्भित करता है।

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

- GST परिषद वस्तु एवं सेवा कर (Goods and Services Tax- GST) से संबंधित मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकार को सिफारिश करने के लिये एक संवैधानिक निकाय (अनुच्छेद 279A) है। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री करता है और अन्य सदस्य केंद्रीय राजस्व या वित्त मंत्री तथा सभी राज्यों के वित्त या कराधान के प्रभारी मंत्री होते हैं।
    - इसे एक संघीय निकाय के रूप में माना जाता है जहाँ केंद्र और राज्य दोनों को उचित प्रतिनिधित्व मिलता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अंतर-राज्यीय जल विवाद अधिनियम केंद्र सरकार को एक अंतर-राज्यीय नदी या नदी घाटी के पानी के संबंध में दो या दो से अधिक राज्यों के बीच विवाद के निर्णय के लिये एक तदर्थ न्यायाधिकरण स्थापित करने का अधिकार देता है। अत: कथन 1 सही है।
- न्यायाधिकरण का निर्णय अंतिम होता है और विवाद के पक्षकारों पर बाध्यकारी होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- किसी भी जल विवाद के संबंध में न तो सर्वोच्च न्यायालय और न ही कोई अन्य न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर सकते हैं, जिसे इस अधिनियम के तहत किसी न्यायाधिकरण को संदर्भित किया जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।

15.

उत्तर: D

व्याख्या.:

- अनुच्छेद 23: यह मानव तस्करी और बेगार (बिना भुगतान के जबरन श्रम) तथा इसी प्रकार के अन्य बलात् श्रम को प्रतिबंधित करता है। यह अधिकार नागरिकों और गैर-नागरिकों दोनों के लिये उपलब्ध है। यह न केवल राज्य के खिलाफ बल्कि निजी व्यक्तियों के खिलाफ भी व्यक्ति की रक्षा करता है। अनुच्छेद 23 इस प्रावधान के अपवाद का भी प्रावधान करता है। यह राज्य को सार्वजनिक उद्देश्यों के लिये अनिवार्य सेवा लागू करने की अनुमति देता है उदाहरण के लिये सैन्य सेवा या सामाजिक सेवा, जिसके लिए वह भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है। हालाँकि ऐसी सेवा लागू करने में राज्य को केवल धर्म, नस्ल, जाति या वर्ग के आधार पर कोई भेदभाव करने की अनुमति नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अनुच्छेद 24: यह 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, खदानों या अन्य खतरनाक गतिविधियों जैसे निर्माण कार्य या रेलवे में रोज़गार पर रोक लगाता है। लेकिन यह किसी भी हानिरहित या निर्दोष काम में उनके रोज़गार पर रोक नहीं लगाता है। यह नागरिकों और विदेशियों (शत्रु संगठनों को छोड़कर) दोनों के लिये उपलब्ध है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आर्कटिक पृथ्वी के सबसे उत्तरी भाग में स्थित एक ध्रुवीय क्षेत्र है।
    - आर्कटिक के अंतर्गत आर्कटिक महासागर, निकटवर्ती समुद्र और अलास्का (संयुक्त राज्य अमेरिका), कनाडा, फिनलैंड, ग्रीनलैंड (डेनमार्क), आइसलैंड, नॉर्वे, रूस और स्वीडन को शामिल किया जाता है।
- आर्कटिक क्षेत्र के भीतर की भूमि में मौसमी रूप से अलग-अलग बर्फ का आवरण है।
    - वैश्विक स्तर पर आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्र एक प्रशीतक की तरह कार्य करते हैं, चूँकि ये क्षेत्र बर्फ और हिमपात की सफेद चादर से ढके हैं जो ऊष्मा की मात्रा को वापस अंतरिक्ष में भेज देते हैं (अल्बेडो प्रभाव)। ये विश्व के उन अन्य हिस्सों को संतुलित करते हैं जो गर्मी को अवशोषित करने का कार्य करते हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- समुद्री बर्फ इनुइतों (Inuit) के लिये एक राजमार्ग का कार्य करती है, जो इसका उपयोग यात्रा और शिकार करने के लिये करते हैं।
    - इनुइत शब्द मोटे तौर पर अलास्का, कनाडा और ग्रीनलैंड की आर्कटिक स्वदेशी आबादी को संदर्भित करता है। अत: कथन 2 सही है।

17.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (Indian Council of Agricultural Research- ICAR) ने 'हरित धारा' (Harit Dhara) नामक एक एंटी-मिथेनोजेनिक फीड सप्लीमेंट (Anti-Methanogenic Feed Supplement) विकसित किया है, जो मवेशियों द्वारा किये जाने वाले मीथेन उत्सर्जन में 17-20% की कटौती कर सकता है और इसके परिणामस्वरूप दूध का उत्पादन भी बढ़ सकता है।
- हरित धारा हाइड्रोजन उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार आमाशय/रुमेण (Rumen) में प्रोटोजोआ रोगाणुओं की आबादी को कम करता है और मीथेन तथा कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) की कमी हेतु आर्किया (बैक्टीरिया समान संरचना) को उपलब्ध कराता है।
    - इसे टैनिन युक्त पौधों पर आधारित स्रोतों से बनाया गया है। टैनिन, कड़वे और कसैले रासायनिक यौगिकों वाले उष्णकटिबंधीय पौधों को रुमेण से प्रोटोजोआ को हटाने के लिये जाना जाता है।
- हरित धारा का उपयोग करने के बाद किण्वन अधिक प्रोपियॉनिक अम्ल (Propionic Acid) का उत्पादन करने में मदद करेगा, जो लैक्टोज (दूध शर्करा) के उत्पादन और शरीर के वज़न को बढ़ाने के लिये अधिक ऊर्जा प्रदान करता है।
    - इससे किसानों को आर्थिक लाभ होता है। अत: विकल्प B सही है।

18.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय संविधान केंद्र सरकार को मौजूदा राज्यों में से एक नया राज्य बनाने या दो राज्यों का विलय करने का अधिकार देता है। इस प्रक्रिया को राज्यों का पुनर्गठन कहा जाता है।
    - पुनर्गठन का आधार भाषायी, धार्मिक, जातीय या प्रशासनिक हो सकता है।
- पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 (और राज्य पुनर्गठन आयोग की पूर्व सिफारिशों के अनुसार) के पारित होने के साथ हरियाणा वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होकर भारत का 17वाँ राज्य बन गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - इस प्रकार पूर्वी पंजाब का पूर्व राज्य अब दो राज्यों हरियाणा और पंजाब में विभाजित हो गया था।
- अनुच्छेद 3 निम्नलिखित प्रक्रिया का प्रावधान करता है:
    - राष्ट्रपति का संदर्भ (Reference) राज्य विधानसभा को भेजा जाता है।
    - राष्ट्रपति के संदर्भ के बाद एक प्रस्ताव विधानसभा में पेश किया जाता है और पारित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
    - विधानसभा को नए राज्य/राज्यों के निर्माण के लिये एक विधेयक पारित करना होता है।
    - एक अलग विधेयक को संसद द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

19.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के एक भाग के रूप में वर्ष 2000 में व्यक्तियों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने, अपराधियों को पकड़ने और दंडित करने के लिये प्रोटोकॉल।
    - संयुक्त राष्ट्र ड्रग्स और अपराध कार्यालय (UNODC) प्रोटोकॉल को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।
    - यह राज्यों को कानूनों मसौदा तैयार करने, व्यापक राष्ट्रीय तस्करी विरोधी रणनीति बनाने और उन्हें लागू करने के लिये संसाधन उपलब्ध कराकर व्यावहारिक सहायता प्रदान करता है।

- भूमि, समुद्र और वायु मार्ग से प्रवासियों की तस्करी के खिलाफ प्रोटोकॉल:
    - यह 28 जनवरी, 2004 को लागू हुआ था।
    - यह अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का भी पूरक है।
    - प्रोटोकॉल का उद्देश्य प्रवासियों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रवासियों का दुरुपयोग करने वाले संगठित आपराधिक समूहों की शक्ति एवं प्रभाव को कम करना है।
- मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (1948) एक गैर-बाध्यकारी घोषणा है जो प्रत्येक मनुष्य को सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्रदान करती है और दासता को प्रतिबंधित करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ब्लू हार्ट अभियान, UNODC द्वारा शुरू किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय तस्करी-रोधी कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सतत् विकास लक्ष्य: विभिन्न SDG का उद्देश्य इसकी जड़ों और साधनों को लक्षित कर तस्करी को समाप्त करना है।
    - लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता हासिल करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना)।
    - लक्ष्य 8 (निरंतर, समावेशी और सतत् आर्थिक विकास, पूर्ण एवं उत्पादक रोज़गार तथा सभी के लिये अच्छे काम को बढ़ावा देना)।
    - लक्ष्य 16 (सतत् विकास के लिये शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को बढ़ावा देना, सभी के लिये न्याय तक पहुँच प्रदान करना व सभी स्तरों पर प्रभावी, जवाबदेह और समावेशी संस्थानों का निर्माण करना)।

20.

उत्तर : C

व्याख्या :

- हाल ही में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने राजस्थान के उदयपुर में निचला मांडवा (Nichla Mandwa) गाँव से "सूखे भू-क्षेत्र पर बाँस मरु-उद्यान" (BOLD) नामक एक परियोजना शुरू की। अत: कथन 1 सही है।
- इस परियोजना के अंतर्गत विशेष रूप से असम से लाए गए बाँस की विशेष प्रजातियों- बंबुसा टुल्डा (Bambusa Tulda) और बंबुसा पॉलीमोर्फा (Bambusa Polymorpha) के 5,000 पौधों को निचला मांडवा ग्राम पंचायत की 25 बीघा (लगभग 16 एकड़) खाली शुष्क भूमि पर लगाया गया है।
    - इस तरह KVIC ने एक ही स्थान पर एक ही दिन में सर्वाधिक संख्या में बाँस के पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।
- यह भारत में इस तरह का पहला अभ्यास है। यह परियोजना शुष्क व अर्द्ध-शुष्क भूमि क्षेत्रों में बाँस आधारित हरित पट्टी बनाने का प्रयास करती है। अत: कथन 2 सही है।
- यह मरुस्थलीकरण को कम करेगा और आजीविका तथा बहु-विषयक ग्रामीण उद्योग में सहायता प्रदान करेगा।
- यह सतत् विकास और खाद्य सुरक्षा के रूप में भी कार्य करेगा।

21.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चाइल्ड सोल्जर में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति शामिल होते हैं जिन्हें सशस्त्र बल या सशस्त्र समूह में भर्ती किया जाता है या फिर उनकी क्षमता का भर्ती में उपयोग किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - चाइल्ड सोल्जर में लडकें,लडकियाँ और बच्चे शामिल होते हैं, लेकिन यह उन बच्चों, लड़कों और लड़कियों तक सीमित नहीं है, जिनका उपयोग लड़ाकों, रसोइयों, कुलियों, जासूसों या यौन उद्देश्यों हेतु किया जाता है (सशस्त्र संघर्ष में बच्चों की भागीदारी पर पेरिस सिद्धांत 2007)।
- सैनिकों के रूप में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की भर्ती या उपयोग बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (CRC) और जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल दोनों द्वारा निषिद्ध है। अत: कथन 2 सही है।
    - केंद्र हैं, जो सशस्त्र संघर्ष को नियंत्रित करते हैं और इसके प्रभावों को सीमित करने का प्रयास करते हैं।
        - वे उन लोगों की रक्षा करते हैं जो लंबे समय से या वर्तमान में संघर्ष में भाग नहीं कर रहे हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के रोम कानून के तहत बाल सैनिकों की भर्ती को भी युद्ध अपराध माना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

22.

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ और उनके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था।
    - प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। अत: कथन 3 सही है।
    - वर्ष 1893 में खेतड़ी राज्य के महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने 'विवेकानंद' नाम अपनाया।
- उन्होंने विश्व को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - उन्होंने 'नव-वेदांत' का प्रचार किया, एक पश्चिमी धारा के माध्यम से हिंदू धर्म की व्याख्या और भौतिक प्रगति के साथ आध्यात्मिकता के संयोजन में विश्वास किया।
- उन्हें वर्ष 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिये गए उनके भाषण के लिये जाना जाता है।
    - सांसारिक सुख और मोह से मोक्ष प्राप्त करने के चार मार्गों का वर्णन उन्होंने अपनी पुस्तकों (राजयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग) में किया है।
    - नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने विवेकानंद को "आधुनिक भारत का निर्माता" कहा था। अत: कथन 1 सही है।

23.

उत्तर: D

व्याख्या:

- BEPS पहल एक आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) पहल है, जिसे G20 द्वारा अनुमोदित किया गया है, ताकि विश्व स्तर पर अधिक मानकीकृत कर नियम प्रदान करने के तरीकों की पहचान की जा सके। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत ने आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण ("बहुपक्षीय साधन" या "MLI") को रोकने के लिये कर संधि से संबंधित उपायों को लागू करने हेतु बहुपक्षीय सम्मेलन की पुष्टि की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

24.

उत्तर: B

व्याख्या

- सर चेट्टूर शंकरन नायर को सामाजिक सुधारों के प्रबल समर्थक और भारत के आत्मनिर्णय में दृढ़ विश्वास हेतु जाना जाता है।
    - वे मद्रास उच्च न्यायालय में एक प्रशंसित वकील और न्यायाधीश थे।
- ये वर्ष 1885 में गठित भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress- INC) के शुरुआती निर्माताओं में से एक थे।
    - वर्ष 1885 में कॉन्ग्रेस पार्टी के इतिहास में वे सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने और इस पद को संभालने वाले एकमात्र मलयाली थे[।
- वर्ष 1902 में लॉर्ड कर्ज़न (Lord Curzon) ने उन्हें रैले विश्वविद्यालय आयोग का सदस्य नियुक्त किया।
- वर्ष 1904 में ब्रिटेन की महारानी द्वारा इन्हें कम्पैनियन ऑफ द इंडियन एम्पायर (Companion of The Indian Empire) के रूप में नियुक्त किया गया था तथा वर्ष 1912 में उन्हें नाइटहुड की उपाधि दी गई थी।
- वर्ष 1908 में उन्हें मद्रास उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।
- वर्ष 1915 में वे वायसराय की परिषद का हिस्सा बने, जिसे शिक्षा विभाग का प्रभारी बनाया गया था।
    - वर्ष 1919 में वायसराय की कार्यकारी परिषद में शामिल होकर उन्होंने मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों (Montagu-Chelmsford reforms) में प्रावधानों के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अत: कथन 2 सही है।

- जलियाँवाला बाग नरसंहार (13 अप्रैल, 1919) के पश्चात् सर चेट्टूर शंकरन नायर ने विरोध स्वरूप वायसराय की परिषद से इस्तीफा दे दिया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - उनके इस्तीफे ने ब्रिटिश सरकार को झकझोर कर रख दिया था और इस इस्तीफे के तुरंत बाद पंजाब में प्रेस सेंसरशिप हटा दी गई तथा मार्शल लॉ समाप्त कर दिया गया।
    - इसके अलावा पंजाब में गड़बड़ी की जाँच के लिये लॉर्ड विलियम हंटर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था।

25.

उत्तर : B

व्याख्या :

- औरोरा (Aurora) आकाश में एक प्रकाशदीप्ति है जिसे मुख्य रूप से उच्च अक्षांश क्षेत्रों (आर्कटिक और अंटार्कटिक) में देखा जाता है। इसे ध्रुवीय प्रकाश के रूप में भी जाना जाता है।
    - ये आमतौर पर उच्च उत्तरी और दक्षिणी अक्षांशों पर घटित होते हैं, यह मध्य अक्षांशों पर कम पाए जाते हैं, और कभी-कभी भूमध्य रेखा के पास देखे जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आमतौर पर एक औरोरा दूधिया हरा रंग, लाल, नीला, बैंगनी, गुलाबी और सफेद भी दिख सकता है। ये रंग लगातार बदलते आकार की एक किस्म के रूप में दिखाई देते हैं।
- औरोरा केवल पृथ्वी पर ही नहीं बल्कि यदि किसी ग्रह में वातावरण और चुंबकीय क्षेत्र मौजूद है, तो संभवत: वहाँ पर भी औरोरा की उपस्थिति होती है।
- औरोरा (Auroras) तब उत्पन्न होता है जब सूर्य की सतह से निकले आवेशित कण (जिन्हें सौर वायु कहा जाता है) पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं । अत: कथन 2 सही है।
- कुछ औरोरा पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल में ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के साथ अंतरिक्ष से आवेशित कणों के बीच घर्षण के कारण होता है।
- इलेक्ट्रॉन - जो पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर (पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र द्वारा नियंत्रित अंतरिक्ष क्षेत्र) से आते हैं, यह अपनी ऊर्जा को ऑक्सीजन और नाइट्रोजन परमाणुओं तथा अणुओं में स्थानांतरित करते हैं, जिससे वे "उत्सर्जित" हो जाते हैं।
- जब वायुमंडल पर विस्फोटक के रूप में मैग्नेटोस्फीयर से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉन आते हैं, तो ऑक्सीजन और नाइट्रोजन कणों का पता लगाने के लिये पर्याप्त प्रकाश उत्सर्जित कर सकते हैं, जिससे हमें सुंदर औरोरा दिखाई देते हैं।
- हमारे ग्लोब के उत्तरी भाग में ध्रुवीय रोशनी को औरोरा बोरेलिस या उत्तर ध्रुवीय ज्योति कहा जाता है और इसे यूएस (अलास्का), कनाडा, आइसलैंड, ग्रीनलैंड, नॉर्वे, स्वीडन तथा फिनलैंड से देखा जाता है।
- दक्षिण में उन्हें औरोरा ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण ध्रुवीय ज्योति कहा जाता है तथा अंटार्कटिका, चिली, अर्जेंटीना, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे उच्च अक्षांशों में दिखाई देते हैं।

26.

उत्तर: C

व्याख्या

- ग्लोलिटर पार्टनरशिप प्रोजेक्ट को 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन' (IMO) और 'संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन' (FAO) द्वारा लॉन्च किया गया है और इसका प्रारंभिक वित्तपोषण नॉर्वे सरकार द्वारा किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- उद्देश्य: शिपिंग और मत्स्य पालन उद्योग से होने वाले समुद्री प्लास्टिक कचरे को कम करना। अत: कथन 2 सही है।
    - साथ ही यह विकासशील देशों को समुद्री परिवहन और मत्स्य पालन क्षेत्रों से प्लास्टिक कचरे को कम करने में भी सहायता करता है।
    - साथ ही यह प्लास्टिक के पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण के अवसरों की पहचान भी करता है।

27.

उत्तर: D

व्याख्या :

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 (क) में सभी के लिये न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमज़ोर वर्गों के लिये राज्य द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था करने को कहा गया है। अत: कथन 1 सही है।
    - अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 22 (1), विधि के समक्ष समानता सुनिश्चित करने के लिये राज्य को बाध्य करता है।
- वर्ष 1987 में गरीबों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएँ प्रदान करने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण (LSA) अधिनियम को अधिनियमित किया गया था ।
    - LSA अधिनियम के तहत मुफ्त कानूनी सेवाएँ अनुसूचित जनजाति (Schedule Tribe) और अनुसूचित जाति (Schedule Caste) से संबंधित व्यक्ति, महिला, बच्चे, मानव तस्करी के शिकार, दिव्यांगजन, औद्योगिक कामगार और गरीबों हेतु उपलब्ध हैं।
    - टेली-लॉ प्रोग्राम किसी भी व्यक्ति को कीमती समय और धन बर्बाद किये बिना कानूनी सलाह लेने में सक्षम बनाती है।
        - विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत उल्लिखित मुफ्त कानूनी सहायता के लिये पात्र लोगों हेतु यह सेवा मुफ्त है। अत: कथन 2 सही है।
        - अन्य सभी के लिये मामूली शुल्क लिया जाता है।

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- द्वितीय विश्व युद्ध वर्ष 1939-45 के बीच होने वाला एक सशस्त्र विश्वव्यापी संघर्ष था।
    - जर्मनी द्वारा 1 सितंबर, 1939 को पोलैंड पर आक्रमण के दो दिन बाद ब्रिटेन और फ्राँस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। इस घटना ने द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत की।
    - यह इतिहास का सबसे बड़ा संघर्ष था जो लगभग छह वर्षों तक चला था।
    - मरने वालों में अधिकांश साधारण नागरिक थे, जिनमें 6 मिलियन यहूदी भी शामिल थे, जो युद्ध के दौरान नाजी बंदी शिविरों में मारे गए थे।
- प्रतिद्वंद्वी गुट:
    - धुरी शक्तियाँ- जर्मनी, इटली और जापान।
    - मित्र राष्ट्र- फ्राँस, ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ और कुछ हद तक चीन। अत: कथन 1 सही है।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सेना सबसे बड़ी स्वयंसेवी शक्ति थी, जिसमें 2.5 मिलियन (20 लाख से अधिक) भारतीयों ने भाग लिया था।
    - इन सैनिकों ने मित्र राष्ट्रों के हिस्से के रूप में धुरी शक्तियों (जर्मनी, इटली और जापान) से लड़ाई लड़ी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- नील नदी अफ्रीका में स्थित है। यह भूमध्यरेखा के दक्षिण में बुरुंडी से निकलकर उत्तर-पूर्वी अफ्रीका से होकर भूमध्य सागर में गिरती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - कभी-कभी विक्टोरिया झील को नील नदी का स्रोत माना जाता है, जबकि कागेरा नदी (Kagera River) जैसी विविध आकारों की नदियाँ स्वयं इस झील के लिये फीडर रूप में कार्य करती हैं।
    - नील नदी को दुनिया की सबसे लंबी नदियों में से एक माना जाता है।

नोट :

- नील नदी की तीन प्रमुख सहायक नदियाँ- ब्लू नील, अटबारा और व्हाइट नील हैं।
- नील नदी का बेसिन काफी विशाल है और इसमें तंजानिया, बुरुंडी, रवांडा, कांगो और केन्या आदि देश शामिल हैं।

- नील नदी एक चापाकार डेल्टा का निर्माण करती है। त्रिकोणीय अथवा धनुषाकार आकार वाले डेल्टा को चापाकार डेल्टा कहा जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इथियोपिया ने ऊपरी ब्लू नील नदी पर एक ग्रैंड इथियोपियाई रेनेसां डैम (Grand Ethiopian Renaissance Dam's - GERD) जलाशय को भरने (Filling) का दूसरा चरण शुरू किया है, जिसके कारण इस पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आगामी बैठक से पूर्व सूडान और मिस्र से तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।
  - इथियोपिया द्वारा वर्ष 2011 में ब्लू नील नदी पर GERD के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। अत: कथन 3 सही है।
  - ब्लू नील, नील नदी की एक सहायक नदी है और यह इसके पानी की मात्रा का दो-तिहाई भाग तथा अधिकांश गाद का वहन करती है।
  - यह 145 मीटर लंबी पनबिजली प्रोजेक्ट है जो अफ्रीका की सबसे बड़ी बांध परियोजना है जिसका नील नदी पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा।

30.

उत्तर: D

व्याख्या:

- तेंदुआ (Panthera Pardus) या तो हल्के रंग का होता है (हल्के पीले से गहरे सुनहरे या पीले रंग के) या इसके शरीर पर काले रंग के गुच्छे में फर/बाल पाए जाते हैं।
  - मेलानिस्टिक तेंदुआ का रंग या तो पूरी तरह से काला होता है या फिर यह बहुत गहरे रंग का होता है जो ब्लैक पैंथर के रूप में जाने जाता है।
- वे मुख्य रूप से दक्षिण-पश्चिमी चीन, बर्मा, नेपाल, दक्षिणी भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया के दक्षिणी भाग में पाए जाते हैं।
  - भारत में यह कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र आदि राज्यों में पाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संरक्षण स्थिति :
  - IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable), अत: कथन 2 सही नहीं है I
  - CITES: परिशिष्ट I
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची I

31.

उत्तर.: A

व्याख्या.:

- सिलंबम एक प्राचीन हथियार आधारित मार्शल आर्ट (Weapon-Based Martial Art) है जिसकी उत्पत्ति तमिलकम में हुई जो वर्तमान में भारत का तमिलनाडु क्षेत्र है। यह विश्व के सबसे पुराने मार्शल आर्ट में से एक है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- यह केरल के मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू (kalaripayattu) से निकटता रखता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- मर्दानी खेल महाराष्ट्र का एक मार्शल आर्ट रूप है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
- थांग ता मणिपुर राज्य का एक मार्शल आर्ट रूप है। अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।

  भारत के अन्य मार्शल आर्ट्स
  - गतका- पंजाब
  - पाइका- ओडिशा
  - छोलिया- उत्तराखंड
  - पांग ल्हबसोल- सिक्किम
  - मुष्टियुद्ध- उत्तर प्रदेश
  - परी खंडा- बिहार

नोट :

32.

उत्तर: D

व्याख्या:

- एकीकृत बाल विकास योजना (Integrated Child Development Scheme- ICDS) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (Ministry of Women and Child Development) द्वारा कार्यान्वित एक केंद्र प्रायोजित (न कि केंद्रीय क्षेत्र की) योजना है। इसे वर्ष 1975 में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ICDS का उद्देश्य :
  - 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना।
  - बच्चे के उचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखना।
  - मृत्यु दर, रुग्णता, कुपोषण और स्कूल छोड़ने की घटनाओं को कम करना।
  - बाल विकास को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न विभागों के बीच नीति और कार्यान्वयन का प्रभावी समन्वय स्थापित करना।
  - माता में उचित पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की देखभाल करने की क्षमता बढ़ाना।
  - किशोर लड़कियों (AGs) को सुविधा प्रदान करना, उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना ताकि वे आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बन सकें।
- अत: स्पष्ट है कि इस योजना का उद्देश्य न केवल 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना है, बल्कि बच्चे तथा मातृ स्वास्थ्य से संबंधित अन्य पहलूओं पर ध्यान देना भी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

33.

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Indirect Taxes & Customs- CBIC) ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटरों (Authorised Economic Operators- AEO) के आवेदनों की ऑनलाइन फाइलिंग की व्यवस्था शुरु की है। AEO विश्व सीमा शुल्क संगठन (World Customs Organization- WCO) के तत्त्वावधान में एक कार्यक्रम (वर्ष 2007) है, जो वैश्विक व्यापार को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने हेतु मानकों का एक सुरक्षित ढाँचा प्रदान करता है।
- इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को बढ़ाना और माल की आवाजाही को सुविधाजनक बनाना है। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लगी एक इकाई को WCO द्वारा आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा मानकों के अनुपालन के रूप में अनुमोदित किया जाता है और AEO का दर्जा प्रदान किया जाता है। अत: विकल्प C सही है।

34.

उत्तर.: C

व्याख्या.:

- हाल ही में भौगोलिक संकेत (GI) प्रमाणित भालिया किस्म के गेहूँ की पहली खेप गुजरात से केन्या और श्रीलंका को निर्यात की गई है। गेहूँ की भालिया किस्म को जुलाई 2011 में भौगोलिक संकेत (GI) प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ था। यह फसल मुख्य तौर पर गुजरात के भाल क्षेत्र में उगाई जाती है जिसमें अहमदाबाद, आनंद, खेड़ा, भावनगर, सुरेंद्रनगर, भरूच ज़िले शामिल हैं।
- हाल में GI टैग प्राप्त करने वालों में झारखंड की सोहराई खोवर पेंटिंग, तेलंगाना की तेलिया रुमाल, तिरूर वेटिला (केरल), डिंडीगुल लॉक और कंडांगी साड़ी (तमिलनाडु), ओडिशा रसगुल्ला, शाही लीची (बिहार) आदि शामिल हैं। अत: युग्म 2 और 4 सही सुमेलित हैं।

नोट :

35.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने मत्स्य पालन से संबंधित किसानों के लिये एक ऑनलाइन कोर्स मोबाइल एप "मत्स्य सेतु" लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य देश में जलीय कृषि करने वाले किसानों तक ताज़े पानी से संबंधित नवीनतम जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों का प्रसार करना और उनकी उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करना है।
  - शफरी (जलीय कृषि उत्पादों के लिये प्रमाणन योजना): यह अच्छी जलीय कृषि प्रथाओं को अपनाने और वैश्विक उपभोक्ताओं को आश्वस्त करने के लिये गुणवत्तापूर्ण एंटीबायोटिक मुक्त झींगा उत्पादों का उत्पादन में मदद करने हेतु हैचरी के लिये एक बाज़ार आधारित उपकरण है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मछली, शंख और जलीय पौधों के प्रजनन, उत्पादन और हार्वेस्टिंग को एक्वाकल्चर कहते हैं। अत: कथन 2 सही है।

36. 'इस्लामिक सहयोग संगठन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
2. भारत इसका स्थायी सदस्य नहीं है, किंतु भारत को इसमें पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

उत्तर: A

व्याख्या

- कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है। अत: कथन 1 सही है।
- यह संगठन दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है। यह दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय शांति और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही दुनिया के मुस्लिम समुदायों के हितों की रक्षा एवं संरक्षण का प्रयास करता है।
  - भारत इस संगठन का सदस्य नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब)

37.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ज़िका वायरस एक मच्छर जनित फ्लेविवायरस है जिसे पहली बार वर्ष 1947 में युगांडा में बंदरों में पहचाना गया था। इसे बाद में वर्ष 1952 में युगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया में मनुष्यों में पहचाना गया। अत: कथन 1 सही है।
- प्रसार:
  - ZVD मुख्य रूप से एडीज़ मच्छर (AM) द्वारा प्रसारित वायरस के कारण होता है।
  - यह वही मच्छर है जिसके कारण डेंगू, चिकनगुनिया और पीत ज्वर होता है।
  - ज़िका वायरस गर्भावस्था के दौरान माँ से भ्रूण में, यौन संपर्क, रक्त और रक्त उत्पादों के आधान तथा अंग प्रत्यारोपण के माध्यम से भी फैलता है।
    - गर्भावस्था के दौरान ज़िका वायरस के संक्रमण के कारण शिशुओं का जन्म माइक्रोसेफली (Microcephaly) (सामान्य सिर के आकार से छोटा) और अन्य जन्मजात विकृतियों के साथ हो सकता है, जिन्हें जन्मजात ज़िका सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।

- इसके लक्षण आमतौर पर हल्के होते हैं और इसमें बुखार, शरीर पर दाने, कंजंक्टिवाइटिस (Conjunctivitis), मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, अस्वस्थता या सिरदर्द शामिल है।
    - ज़िका वायरस संक्रमण वाले अधिकांश लोगों में लक्षण विकसित नहीं होते हैं।
- ज़िका के लिये कोई टीका या दवा उपलब्ध नहीं है। इससे निपटने के लिये शुरुआत में ही लक्षणों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिये। बुखार तथा दर्द से निजात पाने के लिये रिहाइड्रेशन एवं एसिटामिनोफेन (Acetaminophen) पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार ने सार्वजनिक उद्यम विभाग (Department of Public Enterprises-DPE) को भारी उद्योग मंत्रालय के दायरे से हटाकर पुन: वित्त मंत्रालय के दायरे में ला दिया है। अत: कथन 1 सही है।
- वित्त मंत्रालय में अब छह विभाग होंगे जबकि DPE के मूल मंत्रालय, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय को अब केवल भारी उद्योग मंत्रालय कहा जाएगा।
    - लोक उद्यम विभाग सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (Central Public Sector Enterprises-CPSEs) का नोडल विभाग है और CPSEs से संबंधित नीतियाँ तैयार करता है।
    - CPSEs ऐसी कंपनियाँ हैं जिनमें केंद्र सरकार या अन्य CPSEs की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी 51% या उससे अधिक है।
    - यह विशेष रूप से, CPSEs में निष्पादकता सुधार एवं मूल्यांकन, स्वायत्तता तथा वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन और कार्मिक प्रबंधन के बारे में नीतिगत दिशानिर्देश तैयार करता है।
    - इसके अलावा यह केंद्रीय सरकारी उद्यमों से संबंधित बहुत से क्षेत्रों के संबंध में सूचना एकत्र करता है और उसका रखरखाव भी करता है।
- यह अब आर्थिक मामले, राजस्व, व्यय, वित्तीय सेवाएँ और निवेश तथा सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (Department of Investment and Public Asset Management-DIPAM) के अलावा वित्त मंत्रालय में छठा विभाग होगा। अत: कथन 2 सही है।
- DPE को वित्त मंत्रालय में स्थानांतरित किये जाने से CPSEs के पूंजीगत व्यय, परिसंपत्ति मुद्रीकरण और वित्तीय स्वास्थ्य की कुशल निगरानी में मदद मिलेगी।

39.

उत्तर : C

व्याख्या :

- कई अंतर्राष्ट्रीय रासायनिक सम्मेलन कुछ खतरनाक रसायनों के उत्पादन, उपयोग और व्यापार को निषेध या प्रतिबंधित भी कर रहे हैं।
- पारे (Mercury) पर मिनामाता कन्वेंशन मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को पारे तथा इसके यौगिकों के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है।
    - भारत सहित 140 से अधिक देशों ने कन्वेंशन की पुष्टि की है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- खतरनाक अपशिष्टों और उनके निपटान की सीमापारीय गतिविधियों के नियंत्रण पर बेसल कन्वेंशन। भारत ने कन्वेंशन की पुष्टि की। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कुछ खतरनाक रसायनों और कीटनाशकों के लिये पूर्व सूचित सहमति प्रक्रिया के बारे में रॉटरडैम कन्वेंशन। भारत ने 2005 में इस कन्वेंशन की पुष्टि की। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
- स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) पर स्टॉकहोम कन्वेंशन: मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को POP (यानी ज़हरीले रसायनों) के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है।
    - भारत ने इस समझौते की पुष्टि की है और इसे स्वीकार किया है। अत: युग्म 4 सही सुमेलित है।

40.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने स्पर्श (System for Pension Administration Raksha- SPARSH) नामक एक एकीकृत प्रणाली लागू की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह पेंशनभोगियों के लिये एक पेंशनभोगी पोर्टल है जिसके माध्यम से पेंशनभोगी अपनी पेंशन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं और अपनी शिकायत (यदि हो) तो दर्ज करा सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- स्पर्श (SPARSH) ने उन पेंशनभोगियों को अंतिम छोर से कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये सेवा केंद्रों की स्थापना की परिकल्पना की है जो किसी भी कारण से सीधे स्पर्श पोर्टल तक पहुँचने में असमर्थ हों।
  - रक्षा पेंशनभोगियों से संबंधित दो सबसे बड़े बैंकों-भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और पंजाब नेशनल बैंक (PNB) को साझा तौर पर सेवा केंद्र के रूप में चुना गया है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत में छह सबसे आम प्रकार के कैंसरों में स्तन कैंसर (Breast Cancer), ओरल कैंसर (Oral Cancer), सर्वाइकल कैंसर (Cervical Cancer), फेफड़े का कैंसर (Lung Cancer), पेट का कैंसर (Stomach Cancer) और कोलोरेक्टल कैंसर (Colorectal Cancer) शामिल हैं।
  - ओरल कैंसर भारत में पुरुषों में पाया जाने वाला कैंसर का सबसे प्रचलित रूप है जो मुख्य रूप से तंबाकू चबाने के कारण होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - विश्व कैंसर रिपोर्ट 2020 के अनुसार, भारत में वर्ष 2018 में अनुमानित 1.16 मिलियन नए कैंसर के मामले थे।
- हाल ही में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स (National Institute of Biomedical Genomics- NIBMG) ने ओरल कैंसर/ मुख के कैंसर में जीनोमिक बदलाव पर विश्व का पहला डेटाबेस (dbGENVOC) तैयार किया है। अत: कथन 2 सही है।
  - डीबीजेनवोक ओरल कैंसर के जीनोमिक वेरिएंट्स का ब्राउज करने योग्य ऑनलाइन डेटाबेस है जिसे संभावित उपयोगकर्त्ताओं को नैदानिक रूप से प्रासंगिक विभिन्न सोमेटिक/दैहिक और जर्मलाइन वेरिएंट डेटा तक पहुँच प्रदान करने, प्रश्न करने, ब्राउज़ करने और डाउनलोड करने की अनुमति देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।
    - इसे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न क्षेत्रों में मुख के कैंसर के नए रोगियों के विभिन्न डेटा के साथ वार्षिक तौर पर अपडेट किया जाएगा।

42.

उत्तर: A

व्याख्या:

- याक बोविनी जनजाति से संबंधित हैं, जिसमें बाइसन, भैंस और मवेशी भी शामिल हैं। यह 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान को भी सहन कर सकता है।
  - हिमालयी लोगों द्वारा याक को बहुत अधिक महत्त्व दिया जाता है। तिब्बती किंवदंती के अनुसार, तिब्बती बौद्ध धर्म के संस्थापक गुरु रिनपोछे ने सबसे पहले याक को पालतू बनाया था।
- ये तिब्बती पठार और उससे सटे उच्च तुंगता वाले क्षेत्रों के लिये स्थानिक हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - 14,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर याक सबसे अधिक आरामदायक स्थिति में रहते हैं। भोजन की खोज में ये 20,000 फीट की ऊँचाई तक चले जाते हैं और प्राय: 12,000 फीट से नीचे नहीं उतरते हैं।

नोट :

- याक पालन करने वाले भारतीय राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - याक की देशव्यापी जनसंख्या प्रवृत्ति दर्शाती है कि इनकी आबादी बहुत तेज़ी से घट रही है। भारत में याक की कुल आबादी लगभग 58,000 है।
- जंगली याक (Bos mutus) की संरक्षण स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य Vulnerable
    - IUCN द्वारा याक की जंगली प्रजातियों को Bos mutus जबकि घरेलू प्रजातियों को Bos Grunniens के तहत वर्गीकृत करता है। अत: कथन 3 सही है।
  - CITES: परिशिष्ट-I
  - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: अनुसूची- I

43.

उत्तर : B

व्याख्या:

- यह अधिनियम पीढ़ियों से जंगलों में निवास कर रहे वन विस्थापित अनुसूचित जनजातियों (Forest Dwelling Scheduled Tribes- FDST) और अन्य पारंपरिक वन विस्थापितों (Other Traditional Forest Dwellers- OTFD) के लिये वन भूमि में वन अधिकारों एवं व्यवसाय को मान्यता देता है।
  - अधिनियम के तहत वन अधिकारों का दावा उस सदस्य या समुदाय द्वारा किया जा सकता है, जिसकी कम-से-कम तीन पीढ़ियाँ (75 वर्ष) मुख्य रूप से अपनी जीविका की ज़रूरतों को पूरा करने हेतु 13 दिसंबर, 2005 से पहले तक वन भूमि क्षेत्र में निवास करती हो। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ग्रामसभा को व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) या दोनों जो FDST और OTFD को दिये जा सकते हैं, की प्रकृति एवं सीमा को निर्धारित करने के लिये प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।

44.

उत्तर: C

व्याख्या:

- नेपाल, भारत का एक महत्त्वपूर्ण पड़ोसी है और सदियों से चले आ रहे भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों के कारण वह हमारी विदेश नीति में भी विशेष महत्त्व रखता है।
  - वर्ष 1950 की 'भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि' दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है।
- भारत और नेपाल कई बहुपक्षीय मंचों को साझा करते हैं, जैसे- BBIN (बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल), बिम्सटेक (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation), गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The South Asian Association for Regional Cooperation-SAARC) आदि।
- वर्ष 2017 में नेपाल ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) पर हस्ताक्षर किये, जिसने देश में राजमार्ग, हवाई अड्डे तथा अन्य बुनियादी ढाँचे के निर्माण की मांग की।
  - BRI को भारत ने खारिज कर दिया था तथा नेपाल के इस कदम को चीन के प्रति झुकाव के तौर पर देखा जा रहा था। अत: विकल्प C सही है।

45.

उत्तर : A

व्याख्या :

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'कृषि अवसंरचना कोष' के अंतर्गत केंद्रीय क्षेत्र की वित्तपोषण सुविधा योजना में कुछ संशोधनों को मंज़ूरी दी।
  - इसे 2020 में कोविड-19 संकट के विरुद्ध प्रोत्साहन पैकेज के रूप में 20 लाख करोड़ रुपए की घोषणा के साथ शुरू किया गया।
- इसका उद्देश्य फसलोपरांत बुनियादी ढाँचा प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के लिये व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश हेतु मध्यम-लंबी अवधि के ऋण वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करना। अत: कथन 1 सही है।
  - केंद्र/राज्य/स्थानीय निकायों द्वारा प्रायोजित फसल एकत्रीकरण के लिये पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) परियोजनाओं के अलावा कोल्ड स्टोर, चेन वेयरहाउसिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग इकाइयों, ई-ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े ई-मार्केटिंग पॉइंट्स की स्थापना के लिये धन उपलब्ध कराया जाएगा।
- अवधि: 13 वर्षों तक बढ़ाई गई (2032-33 तक)।
- पात्र लाभार्थी: इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों में, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PAC), विपणन सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs), स्वयं सहायता समूहों (SHGs), किसानों, संयुक्त देयता समूहों (Joint Liability Groups-JLG), बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअपों और केंद्रीय/राज्य एजेंसी या स्थानीय निकाय प्रायोजित सार्वजनिक-निजी साझीदारी परियोजनाएँ आदि को शामिल किया गया है।
  - राज्य एजेंसियों और कृषि उपज विपणन समितियों (APMC) के साथ-साथ सहकारी संगठनों, FPO तथा SHG के संघों के लिये पात्रता बढ़ा दी गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- पात्र लाभार्थियों को ऋण के रूप में बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा 1 लाख करोड़ रुपए प्रदान किये जाएंगे।
  - पुनर्भुगतान के लिये अधिस्थगन न्यूनतम 6 महीने और अधिकतम 2 वर्षों के अधीन भिन्न हो सकता है।
  - ऋणों पर 2 करोड़ रुपए की सीमा तक 3% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सबवेंशन होगा। यह सबवेंशन अधिकतम सात साल की अवधि के लिये उपलब्ध होगा।
- इस वित्तपोषण सुविधा से ऋण प्राप्त करने वाले पात्र उधारकर्त्ताओं को 2 करोड़ रुपए तक के ऋण हेतु सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिये क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises-CGTMSE) योजना के तहत एक क्रेडिट गारंटी कवरेज़ उपलब्ध होगा। अत: कथन 3 सही है।

46.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में पूर्वी गंग राजवंश (Eastern Ganga Dynasty) के राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- जगन्नाथ पुरी मंदिर को 'यमनिका तीर्थ' भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पुरी में भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण मृत्यु के देवता 'यम' की शक्ति समाप्त हो गई है। अत: कथन 2 सही है।
- इस मंदिर को "श्वेत पैगोडा" कहा जाता था और यह चारधाम तीर्थयात्रा (बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी, रामेश्वरम) का एक हिस्सा है। अत: कथन 3 सही है।

47.

उत्तर: A

व्याख्या

- एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (AES) एक व्यापक शब्द है जिसमें कई संक्रमण शामिल हैं और यह छोटे बच्चों को प्रभावित करता है। सिंड्रोम वायरस, बैक्टीरिया या कवक के कारण हो सकता है। भारत में, सबसे आम कारण वह वायरस है जो जापानी एन्सेफलाइटिस (JE) का कारण बनता है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- AES मच्छरों द्वारा प्रेषित इंसेफेलाइटिस का एक गंभीर मामला है और तेज़ बुखार एवं मस्तिष्क में सूजन इसकी विशेषता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह रोग सबसे अधिक बच्चों और युवा वयस्कों को प्रभावित करता है और इसके कारण रुग्णता और मृत्यु दर काफी अधिक हो सकती है।
- AES मामलों में वायरस मुख्य प्रेरक एजेंट हैं, हालाँकि पिछले कुछ दशकों में बैक्टीरिया, कवक, परजीवी, स्पाइरोकेट्स, रसायन, विषाक्त पदार्थों और गैर-संक्रामक एजेंटों जैसे अन्य स्रोतों की भी सूचना मिली है। इसे टीकाकरण द्वारा नहीं रोका जा सकता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस (JEV) भारत में AES का प्रमुख कारण है (5%से 35% तक)।
    - हर्पीज़ सिंप्लेक्स वायरस, निपाह वायरस, ज़ीका वायरस, इन्फ्लुएंज़ा ए वायरस, वेस्ट नाइल वायरस, चांदीपुरा वायरस, कण्ठमाला, खसरा, डेंगू, स्क्रब टाइफस, एसपी निमोनिया भी AES के लिये प्रेरक एजेंट के रूप में पाए जाते हैं।

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. विश्व जनसंख्या दिवस संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) की सिफारिश पर मनाया जाता है।
    2. UNFPA का गठन वर्ष 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सहायक अंग के रूप में किया गया था।
    3. UNFPA को प्रत्यक्ष रूप से UN बजट का समर्थन प्राप्त है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 3
    D. 1, 2 और 3

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. नगालैंड राज्य का गठन असम और अरुणाचल प्रदेश राज्यों के हिस्सों को मिलाकर किया गया था।
    2. नगा पहाड़ी नृजातीय समुदाय हैं जो मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश राज्यों में पाए जाते हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

50. साही (SAHI) पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह एक आयुष क्षेत्र का पोर्टल है जो शिलालेखों, शास्त्रीय ग्रंथों और उन्नत आर्कियो आनुवंशिक अध्ययनों को प्रदर्शित करता है।
    2. यह पोर्टल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) ई-ग्रंथालय मंच के माध्यम से भारतीय चिकित्सा विरासत पुस्तकों तक ऑनलाइन सार्वजनिक पहुँच प्रदान करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

51. क्रिप्टोगेम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक पौधा है जो बीजाणुओं की मदद से प्रजनन करता है।
2. इन्हें "फूल रहित" या "बीज रहित पौधे" भी कहा जाता है।
3. शैवाल और कवक को क्रिप्टोगेम के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

52. इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (IPOI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नवंबर 2019 में आयोजित ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा यह पहल शुरू की गई थी।
2. यह पहल समुद्री सुरक्षा, आपदा जोखिम में कमी और व्यापार संपर्क जैसे मुद्दों पर केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

53.

उत्तर: D

व्याख्या:

- तीन ऐसी सूचियाँ हैं जो विधायी शक्तियों के वितरण का प्रावधान करती हैं (संविधान की 7वीं अनुसूची के तहत):
  - संघ सूची (सूची I)- इसमें 98 विषय (मूल रूप से 97) शामिल हैं और इसमें वे विषय शामिल होते हैं जो राष्ट्रीय महत्त्व के हैं तथा जिनके लिये पूरे देश में समान कानून है।
    - इन मामलों के संबंध में केवल केंद्रीय संसद ही कानून बना सकती है, उदाहरण के लिये- रक्षा, विदेश मामले, बैंकिंग (एंट्री नंबर-45), मुद्रा, संघ कर आदि।
  - राज्य सूची (सूची II)- इसमें 59 विषय (मूल रूप से 66) हैं और इसमें स्थानीय या राज्य हित के विषय शामिल हैं।
    - ये विषय राज्य विधानमंडलों की विधायी क्षमता के अंतर्गत आते हैं। जैसे- लोक व्यवस्था (एंट्री नंबर-1), पुलिस (एंट्री नंबर-2), स्वास्थ्य (एंट्री नंबर-6), कृषि और वन आदि। अत: विकल्प D सही है।
  - समवर्ती सूची (सूची-III)- इसमें 52 (मूल रूप से 47) विषय हैं जिनके संबंध में केंद्रीय संसद और राज्य विधानमंडल दोनों के पास कानून बनाने की शक्ति है। समवर्ती सूची का उद्देश्य अत्यधिक कठोरता से बचने के लिये विषयों को केंद्र एवं राज्य दोनों को एक उपकरण के रूप में प्रदान करना था।

54.

उत्तर: B

व्याख्या

- सरकारी प्रतिभूतियाँ (G-Sec) केंद्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाने वाली एक व्यापार योग्य साधन होती हैं।
- ये सरकार के ऋण दायित्व को स्वीकार करती हैं। ऐसी प्रतिभूतियाँ अल्पकालिक (आमतौर पर एक वर्ष से भी कम समय की मेच्योरिटी वाली इन प्रतिभूतियों को ट्रेज़री बिल कहा जाता है जिसे वर्तमान में तीन रूपों में जारी किया जाता है, अर्थात् 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन) या दीर्घकालिक (आमतौर पर एक वर्ष या उससे अधिक की मेच्योरिटी वाली इन प्रतिभूतियों को सरकारी बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ कहा जाता है) होती हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- भारत में केंद्र सरकार ट्रेज़री बिल और बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों को जारी करती है, जबकि राज्य सरकारें केवल बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियों को जारी करती हैं, जिन्हें राज्य विकास ऋण (SDL) कहा जाता है। अत: कथन 2 सही है।

55.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 2005 में टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों के बाद की गई थी।
  - इसे सौंपी गई शक्तियों और कार्यों के अनुसार, बाघ संरक्षण को मज़बूती प्रदान करने के लिये वर्ष 2006 में संशोधित वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत इसका गठन किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- प्रोजेक्ट टाइगर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे वर्ष 1973 में भारत में नामित बाघ अभयारण्यों में बाघ संरक्षण हेतु राज्यों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने के लिये शुरू किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - यह परियोजना राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा प्रशासित है।

56.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में 'वर्जिन गेलेक्टिक' (Virgin Galactic) के 'वीएसएस यूनिटी स्पेसशिप' पर छह व्यक्तियों के एक चालक दल ने 'एज ऑफ स्पेस' की संक्षिप्त यात्रा की, जिसे उपकक्षीय उड़ान (Suborbital Flight) के रूप में जाना जाता है।
  - 'वर्जिन गेलेक्टिक' एक ब्रिटिश-अमेरिकी स्पेसफ्लाइट कंपनी है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्यरत है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- जब कोई वस्तु लगभग 28,000 किमी./घंटा या अधिक की क्षैतिज गति से यात्रा करती है, तो वह वायुमंडल से ऊपर होते हुए कक्षा में चली जाती है।
  - ऐसा उपग्रह गुरुत्वाकर्षण के कारण पृथ्वी की ओर गति कर रहा होगा। लेकिन इसकी क्षैतिज गति इतनी तेज़ होती है कि नीचे की गति को लंबवत कर सके ताकि यह एक वृत्ताकार पथ पर ही आगे बढ़े।
  - 28,000 किमी./घंटा से धीमी गति से यात्रा करने वाली किसी भी वस्तु को अंतत: पृथ्वी पर वापस लौटना होगा।
  - अंतरिक्ष में प्रक्षेपित कोई भी वस्तु जब अंतरिक्ष में बने रहने के लिये पर्याप्त क्षैतिज वेग तक पहुँचती है तो वह वापस पृथ्वी पर गिर जाती है। इसलिये वे एक उपकक्षीय प्रक्षेपवक्र में उड़ते हैं।
    - इसका मतलब यह है कि जब ये यान अंतरिक्ष की अनिर्धारित सीमा को पार करेंगे, तो वे इतनी तेज़ी से नहीं जा सकेंगे कि एक बार वहाँ पहुँचने के बाद अंतरिक्ष में रह सकें। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अंतरिक्ष की सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत सीमा को कारमन रेखा (Karman Line) के रूप में जाना जाता है। इंटरनेशनल एयरोनॉटिकल फेडरेशन (FAI) द्वारा समुद्र तल से पृथ्वी के औसतन 100 कि.मी. की ऊँचाई पर एक काल्पनिक रेखा को कारमन रेखा के रूप में परिभाषित करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका नाम हंगेरियन अमेरिकी इंजीनियर और भौतिक विज्ञानी थिओडोर वॉन कारमन (Theodore von Karman, 1881-1963) के नाम पर रखा गया है, जो मुख्य रूप से वैमानिकी एवं अंतरिक्ष विज्ञान में सक्रिय थे।

57.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में कार्यपालिका भारत सरकार की कार्य आवंटन नियमावली, 1961 के तहत काम करती है।
  - ये नियम संविधान के अनुच्छेद 77(3) से प्रेरित हैं। जिसमें कहा गया है कि "राष्ट्रपति भारत सरकार के कार्यों को अधिक सुविधाजनक और उक्त कार्यों को मंत्रियों के बीच आवंटन के लिये नियम बनाएगा।" अत: कथन 1 सही है जबकि कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

- प्रधानमंत्री मंत्रिमंडल की स्थायी समितियों का गठन करता है और उन्हें सौंपे गए विशिष्ट कार्यों को निर्धारित करता है। वह समितियों की संख्या को बढ़ा या घटा सकता है। अत: कथन 3 सही है।
  - समितियों के अलावा विभिन्न मुद्दों/विषयों को देखने के लिये मंत्रियों के कई समूह (GoMs) गठित किये जाते हैं।
- इसके अलावा आकस्मिक मुद्दों और महत्त्वपूर्ण समस्याओं पर मंत्रिमंडल को सिफारिशें देने के लिये मंत्रियों के समूह का गठन किया जाता है।
- इनमें से कुछ GoMs को मंत्रिमंडल की ओर से निर्णय लेने का अधिकार है, जबकि अन्य केवल मंत्रिमंडल को सिफारिशें देते हैं।
  - ये विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय का एक व्यवहार्य और प्रभावी साधन बन गया है।
- संबंधित मंत्रालयों का नेतृत्त्व करने वाले मंत्रियों को संबंधित GoMs में शामिल किया जाता है और उद्देश्य की पूर्ति के पश्चात् उन्हें भंग कर दिया जाता है।

58.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वित्तीय वर्ष 20 में भारत की उर्वरक खपत लगभग 61 मिलियन टन थी, जिसमें से 55% यूरिया था और अनुमान है कि वित्त वर्ष 2015 में इसमें 5 मिलियन टन की वृद्धि हुई थी।
- चूँकि गैर-यूरिया (MoP, DAP, जटिल) किस्मों की लागत अधिक होती है, कई किसान वास्तव में ज़रूरत से ज़्यादा यूरिया का उपयोग करना पसंद करते हैं।
- सरकार ने यूरिया की खपत को कम करने के लिये कई उपाय किये हैं। इसने गैर-कृषि उपयोग हेतु यूरिया के अवैध प्रयोग को कम करने के लिये नीम कोटेड यूरिया की शुरुआत की।
  - उर्वरक विभाग (DoF) ने सभी घरेलू उत्पादकों के लिये नीम कोटेड यूरिया (NCU) के रूप में 100% यूरिया का उत्पादन अनिवार्य कर दिया है। अत: कथन 1 सही है।
- गैर-यूरिया उर्वरकों के उदाहरण: डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी), म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी)।
  - गैर-यूरिया उर्वरकों की MRP कंपनियों द्वारा नियंत्रित या तय की जाती है। हालाँकि केंद्र इन पोषक तत्त्वों पर एक फ्लैट प्रति टन सब्सिडी का भुगतान करता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी कीमत "उचित स्तर" पर है।
  - सभी गैर-यूरिया आधारित उर्वरकों को पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत विनियमित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

- जैविक विविधता अभिसमय (Convention on Biological Diversity- CBD), जैव विविधता के संरक्षण हेतु कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जो वर्ष 1993 से लागू है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके 3 मुख्य उद्देश्य हैं:
  - जैव विविधता का संरक्षण।
  - जैविक विविधता के घटकों का सतत् उपयोग।
  - आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग से होने वाले लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण।
- CBD का सचिवालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है जो संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत संचालित होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्ष 2010 में नागोया में CBD की कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP)-10 में वर्ष 2011-2020 हेतु 'जैव विविधता के लिये रणनीतिक योजना' को अपनाया गया।

नोट :

- वर्ष 2010 में नागोया में CBD की कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP)-10 में वर्ष 2011-2020 हेतु 'जैव विविधता के लिये रणनीतिक योजना' को अपनाया गया। इसमें पहली बार विषय विशिष्ट 20 जैव विविधता लक्ष्यों- जिन्हें आइची जैव विविधता लक्ष्य के रूप में भी जाना जाता है, को अपनाया गया। अत: कथन 3 सही है।

60.

उत्तर: B

व्याख्या :

- अति तरलता (Superfluidity) , तरल हीलियम में परम शून्य (-273.15 डिग्री सेल्सियस) के तापमान पर घर्षण रहित प्रवाह और अन्य बाह्य प्रभावों से युक्त है तथा अतिचालकता (Superconductivity) ठोस में इलेक्ट्रॉनों के समान घर्षण रहित प्रवाह है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हीलियम के अति तरल (Superfluid) रूप में जब इलेक्ट्रॉन को प्रेषित किया जाता है तो यह सिंगल इलेक्ट्रॉन बबल्स (SEB) बनाता है, यह एक गुहा होती है जो हीलियम परमाणुओं से मुक्त होती है और इसमें सिर्फ इलेक्ट्रॉन होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - एक इलेक्ट्रॉन बबल्स/बुलबुला एक क्रायोजेनिक गैस या तरल जैसे- नियॉन या हीलियम में एक मुक्त इलेक्ट्रॉन के समीप निर्मित खाली स्थान है। ये सामान्यत: वायुमंडलीय दाब में लगभग 2 एनएम व्यास के बहुत छोटे कण के रूप में पाए जाते हैं।

नोट :